# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

*Website: www.mjpru.ac.in, (NAAC Acredited A++)*

पत्रांक : रू.वि. / ऑ.प्र. / 2026 / 1264 दिनांक : 29.05.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**विषय : समर्थ पोर्टल के माध्यम से (सत्र 2026–27) के लिये विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे सम्बद्ध बरेली, पीलीभीत, एवं बदायूँ जिलों में संचालित महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (प्रवेश परीक्षा को छोड़कर) में ऑनलाईन पंजीकरण के माध्यम से होने वाले प्रवेश हेतु नियम व दिशा निर्देश।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे सम्बद्ध बरेली, पीलीभीत एवं बदायूँ जिलों के सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन प्रवेश के सम्बन्ध में आप सभी को सूचित करना है कि सत्र 2026–27 में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होने वाले समस्त प्रवेश विश्वविद्यालय की प्रवेश नियमावली एवं पाठ्यक्रमों के लिये स्थापित अध्यादेशों में वर्णित नियमों एवं दिशा–निर्देशें का पालन करते हुये महाविद्यालय स्तर पर स्वयं सम्पन्न कराये जायेंगे।

प्रवेश प्रक्रिया निम्नवत् होगी–

समस्त महाविद्यालय, प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी, शुचितापूर्ण तथा उत्तर प्रदेश सरकार एवं विश्वविद्यालय के नियमों / परिनियमों का पालन करते हुये एवं आरक्षण सम्बन्धी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुये सम्पादित करेगें।

1. विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण शुल्क रू. 150 / – निर्धारित है।
2. यह प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2026–27 के लिये सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेशों को छोड़कर) के लिये है।
3. ऐसे छात्र जो स्नातक अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है, वह भी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में आवेदन कर सकते हैं, ऐसे छात्रों को स्नातक अन्तिम वर्ष का परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त आवेदन पत्र में अपने लॉगिन से प्राप्तांको का उल्लेख करना होगा।
4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत छात्र को उसकी अर्हता के दृष्टिगत किसी भी दो पाठ्यक्रमों को एक साथ करने की अनुमति प्रदान की जायेगी, जिसमें एक पाठ्यक्रम संस्थागत छात्र के रूप में तथा दूसरा पाठ्यक्रम ऑनलाईन मोड अथवा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकेगें।
5. छात्र / छात्रायें एक अथवा एक से अधिक महाविद्यालयों, जिनमें कि वे प्रवेश के इच्छुक हों, में अपनी अर्हतानुसार महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराते हुये अपनी पंजीकरण संख्या **(MJPRURN)** एवं पंजीकरण फार्म के प्रिन्ट आउट के साथ अपने इच्छित महाविद्यालयों में ऑनलाईन / ऑफलाईन (महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी व्यवस्था के अनुरूप) आवेदन करते हुये अपनी अंकतालिकाओं, सर्टिफिकेट इत्यादि की छायाप्रति, 05 नवीन फोटोग्राफ के साथ अंतिम तिथि तक महाविद्यालयों में आवेदन कर सकते हैं।
6. किसी भी महाविद्यालय में आवेदन के पूर्व अभ्यर्थी का विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण **(MJPRURN)** अनिवार्य है। समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण हेतु लिंक https://mjpruadm.samarth.edu.in/index.php है।

7. **यदि परीक्षार्थी का परीक्षाफल घोषित नहीं हुआ है तो उसे परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त अपने अंक स्वयं अथवा सम्बन्धित महाविद्यालय/विभाग में फीड कराने होगें जिससे उनकी अर्हता निर्धारित हो सके तथा मेरिट तैयार किये जाने में असुविधा न हो।**

8. सत्र 2026–27 में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में समर्थ पोर्टल आनलाईन रजिस्ट्रेशन पश्चात् समस्त प्रवेश महाविद्यालयों द्वारा स्वयं किये जायेंगे। किसी भी महाविद्यालय में किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उसके द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार/विश्वविद्यालय के नियमों में निहित प्राविधानों का उल्लंघन किया गया है या पालन नहीं किया गया है तो उनके द्वारा प्रवेशित छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं किया जायेगा तथा उनका प्रवेश पंजीकरण अनुमन्य नहीं होगा।

9. किसी भी महाविद्यालय द्वारा स्वीकृत सीटों के सापेक्ष ही प्रवेश सुनिश्चित किये जायेगें। यदि अनुमन्य सीटों से अधिक प्रवेश महाविद्यालय स्तर पर किये जाते हैं तो ऐसे प्रवेश विश्वविद्यालय स्तर पर अनुमन्य नहीं होगें एवं इसका पूर्ण दायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

10. विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु समस्त महाविद्यालय सूचना/विज्ञप्ति प्रकाशित कर ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन माध्यम से छात्र/छात्राओं को प्रवेश आवेदन पत्र उपलब्ध करायेंगे।

11. प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के उपरान्त समस्त महाविद्यालय प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिये प्राप्त आवेदन पत्रों की जांचकर सही पाये गये आवेदन पत्रों के आधार पर मेरिट सूची (योग्यता क्रम सूची) तैयार कर प्रदर्शित करेंगे।

12. छात्र/छात्रायें केवल एक ही महाविद्यालय में एक ही पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। समस्त छात्र/छात्रायें अपनी इच्छा एवं अर्हतानुसार, पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालय का चयन सीटों की उपलब्धता के आधार पर कर सकते हैं/करने के लिये स्वतंत्र हैं। स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते समय प्रत्येक अभ्यर्थी को शैक्षिक एवं अन्य यथा आवश्यक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

13. मेरिट सूची (योग्यता क्रम सूची) प्रदर्शित करने के उपरान्त प्रत्येक महाविद्यालय को, प्रवेश हेतु इच्छुक समस्त छात्र/छात्राओं के प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत सुनिश्चित कर प्रत्येक प्रवेशित अभ्यर्थी का कालेज लॉगिन आईडी के माध्यम से विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करना होगा। उक्त डाटा अपलोड की व्यवस्था स्वीकृत सीटों के सापेक्ष ही अनुमन्य होगी जो पोर्टल पर पूर्व से उपलब्ध है।

14. समस्त महाविद्यालय स्नातकोत्तर स्तर के किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश सुनिश्चित करने से पहले यह भलीभांति देख लें कि अभ्यर्थी ने अपने समस्त शैक्षिक प्रपत्र तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र एवं मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जमा कर दिया है एवं प्रवेश हेतु अर्ह है।

15. उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय समय पर लिये गये निर्णयानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्राविधान/नियम प्रभावी हैं।

16. विश्वविद्यालय परिसर से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों हेतु अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही पंजीकरण के पश्चात् अगले अगले स्टेप पर आवेदन करना सुनिश्चित करना होगा।

17. अभ्यर्थियों की सुविधा के दृष्टिगत महाविद्यालयों हेतु एवं विश्वविद्यालय परिसर हेतु पंजीकरण प्रक्रिया संलग्न है।

**ऑनलाईन प्रवेश हेतु पंजीकरण की तिथियाँ निम्नवत् होंगी :–**

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय पोर्टल पर शुल्क रू. 150/– प्रति छात्र की दर से जमा कर छात्रों को ऑनलाईन प्रवेश हेतु आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 01.06.2026 |
| 2 | विश्वविद्यालय पोर्टल पर शुल्क रू. 150/– प्रति छात्र की दर से जमा कर छात्रों को ऑनलाईन प्रवेश हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि | 30.06.2026 |

मेरिट लिस्ट प्रदर्शित करने एवं महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश सुनिश्चित करने की तिथियाँ ससमय पृथक से घोषित की जायेगीं।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समन्वयक, ऑनलाईन प्रवेश।
2. वित्त अधिकारी।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. उप–कुलसचिव (प्रवेश)
5. उप कुलसचिव (सम्बद्धता) को इस आशय से प्रेषित कि प्रवेश प्रकोष्ठ को अद्यतन सम्बद्ध महाविद्यालय, उनमें संचालित पाठ्यक्रम एवं स्वीकृत सीट संख्या की सूची उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
6. निजी सचिव–कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. वै.सहा., कुलसचिव।
8. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाईट।

कुलसचिव